RNI NO. - CHHHIN/2011/38292

13 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के
अब 14 वें वर्ष की ओर
पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह



Bharatsamman.com | Bharat samman | Bharat Samman

हो जाओ सावधान

वर्ष-14 अंक-10 | अम्बिकापुर, बुधवार, 17 अप्रैल 2024 | कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.

# 10 सालों में पीएम मोदी ने कितना खत्म किया काला धन!

## जानें क्या कहती है आरबीआई की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले देश का सबसे बड़ा मुद्दा काले धन को लेकर था। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी की सरकार बनी तो दावा किया गया कि काले धन खेल खत्म हो जाएगा। 8 नवंबर 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान नोटबंदी की घोषणा की थी।

सरकार ने 500 और 1000 के नोटों को तब चलन से बाहर करने की घोषणा कर दी थी। नोटबंदी के इस फैसले पर मोदी सरकार लगातार यह कहती रही कि इससे नकली नोटों पर लगाम लगने के साथ आतंकवाद का वित्त पोषण करने वालों की भी कमर टूट जाएगी। अब, जबकि मोदी सरकार अपना दूसरा कार्यकाल पूरा करने वाली है और नोटबंदी को भी 7 साल से ज्यादा का समय हो चुका है तो ऐसे में यह जानना जरूरी है कि सरकार के इस फैसले का असर कितना हुआ।




### नए नोटो से घटी जालसाजी

अब, आरबीआई के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलेगा कि 2016-17 में नकली नोट 43.46 करोड़ रुपए तक पहुंच गए थे। इसी साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी की घोषणा की थी। तब से, यह वित्त वर्ष 2022 में घटकर 8.26 करोड़ और वित्त वर्ष 2023 में 7.98 करोड़ रुपए हो गया है। इसके पीछे की वजह यह है कि नोटों के साथ जो सुरक्षा फीचर डाले गए हैं, उसने जालसाजों के लिए मौजूदा तंत्र को बायपास करना अधिक कठिन बना दिया है। ऐसे में यह माना जा रहा है कि इसकी वजह से भी नकली नोटों की संख्या में कमी आई है। लोकसभा में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने इस पर बताया था, आरबीआई जाली नोटों को लेकर बैंकों को विभिन्न निर्देश जारी करता है। वह बैंकों और अन्य संगठनों जो भारी मात्रा में नकदी संभालते हैं, उनके कर्मचारियों/अधिकारियों के लिए नकली नोटों का पता लगाने के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। जिसकी वजह से नकली नोटों की संख्या में कमी आई है। वहीं, आंकड़ों की मानें तो नकली नोटों में जो सबसे बड़ा नंबर है, वह 500 के नोट का है। वित्त वर्ष 2022 के मुकाबले 2023 में 500 के नकली नोटों की संख्या में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं, 100 रुपए के नकली नोटों में 2022 के मुकाबले 2023 में कमी आई है। जबकि, 200 के नकली नोटों की संख्या इस अवधि में थोड़ी बढ़ी है।

### 70 फीसदी घटे नकली नोट

दरअसल, आंकड़ों की मानें तो 2016 में नोटबंदी के बाद से नकली नोट और इनकी छपाई तेजी से घट रही है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से प्राप्त आंकड़ों की मानें तो वित्त वर्ष 2023 में लगभग 7.98 करोड़ मूल्य के नकली नोटों का पता चला था, जो 2014 में पाए गए 24.84 करोड़ रुपए के नकली नोटों से 70 फीसदी कम है।

### 500 का नोट ही सबसे बड़ी करेंसी

बता दें कि सरकार ने नोटबंदी के बाद 500 और 2000 मूल्य के नए नोट बाजार में उतारे थे। इसमें से 2000 के नोट को भी अब बाजार से वापस ले लिया गया है। मतलब साफ है कि देश में पहले जहां 1000 का नोट सबसे बड़ी करेंसी हुआ करती थी, अब उसकी जगह पर 500 का नोट ही सबसे बड़ी करेंसी के रूप में बच गई है। नकली नोट की बाजार में उपस्थिति वैध मुद्रा की कीमत को कम कर देती है और इसकी वजह से मुद्रास्फीति की समस्या खड़ी होती है। यह अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती है। वैसे नकली नोट आज भी देश की अर्थव्यवस्था के लिए खतरा हैं। इसकी वजह यह है कि असली और नकली नोट के बीच अंतर कर पाना लोगों के लिए मुश्किल हो जाता है। जब तक यह पता चल पाता है कि करेंसी नकली है, तब तक यह अर्थव्यवस्था में फैल चुका होता है। यह भारत ही नहीं दुनिया के लगभग सभी देशों की समस्या है।

### निशाने पर सबसे बड़े नोट

नोटबंदी के बाद के 2000 के नोट और 1000 के पुराने नोट अब चलन से बाहर हैं। लेकिन, बैंकिंग सिस्टम में इसकी वापसी के बाद इसके नकली नोट पाए गए। इसके पीछे की वजह यह रही है कि नकली नोट बनाने वाले आमतौर पर उच्च मूल्यवर्ग की मुद्रा को लक्ष्य करते हैं। ऐसे में अब इसके बाद बाजार में बचे बड़े नोट 500, 200 और 100 की नकली करेंसी अधिक सामने आ रही है। बता दें कि देशभर में प्रचलन में जितनी कुल मुद्रा है, उसके अनुसार वित्त वर्ष 2014 में नकली नोटों की हिस्सेदारी 0.0194 प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 2023 में 0.0024 प्रतिशत हो गई है।

## घाटी में विपक्ष पर बरसे अमित शाह, कहा- युवाओं के हाथ में अब पत्थर की जगह लैपटॉप है

**जम्मू।** लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के पलौरा में मंगलवार को एक जनसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल में जम्मू-कश्मीर को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। एक जमाना था, जब ऐसे जलसे की कल्पना ही नहीं कर सकते थे। पथराव होता था, गोलीबारी होती थी, बम धमाके होते थे, पाकिस्तान से हड़ताल का ऐलान किया जाता था और आर्टिकल 370 का साया पूरे जम्मू-कश्मीर पर छाया था।

अमित शाह ने कहा, आज आर्टिकल 370 समाप्त हो गई है, आतंकवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है और जो युवा पथराव कर रहे थे, उन युवाओं के हाथ में पत्थर की जगह लैपटॉप है। इस दौरान उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती पर जोरदार हमला बोला।

अमित शाह ने कहा कि एनसी-पीडीपी वाले हमारे गुर्जर भाइयों को भड़काते थे कि भाजपा आपका आरक्षण काट देगी। मैंने संसद में कहा था कि हमारे गुर्जर भाइयों का एक प्रतिशत आरक्षण काटे बगैर हमारे पहाड़ी भाइयों को आरक्षण दिया जाएगा। मुझे आनंद है कि मोदी सरकार में गुर्जर, पहाड़ी, बकरवाल, ओबीसी और महिला सबको आरक्षण देने का काम भाजपा ने किया है। गृह मंत्री अमित शाह ने आगे पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि महबूबा मुफ्ती कहती थीं कि अगर धारा-370 हटेगी तो तिरंगे को कोई कंधा देने वाला नहीं होगा। महबूबा मुफ्ती, आप और मैं तो चले जाएंगे। लेकिन तिरंगा तो अजर है, अमर है, हमेशा रहने वाला है।



फारूक अब्दुल्ला कहते थे कि नरेंद्र मोदी 10 बार प्रधानमंत्री बन जाएं, लेकिन आर्टिकल 370 नहीं हटा सकते। 10 बार छोड़ो फारूक साहब, दूसरी बार में ही जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटा दी गई। अमित शाह ने कहा कि मैं आया हूं तब जब नवरात्रि चल रहे हैं। सबसे पहले माता वैष्णो देवी को प्रणाम कर अपनी बात की शुरुआत करना चाहता हूं। बहुत कठिन दौर से संघर्ष कर भाजपा के नेता जम्मू-कश्मीर की कश्ती को बाहर निकाल कर लाए हैं। जम्मू में पैर रखते ही भाजपा कार्यकर्ता के रोंगटे खड़े हो जाते हैं, ये याद करके कि भाजपा के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने यहीं बलिदान दिया था। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने नारा दिया था, 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेगा'। मैं जब 2014 में यहां आया था तब ये नारा मांग के रूप में बुलाते थे और आज ये नारा गर्व के साथ हम सिद्धी के रूप में बोल रहे हैं। क्योंकि आज जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 समाप्त हो गया है। पूरे देश की तरह जम्मू-कश्मीर में भी आन-बान-शान के साथ हमारा तिरंगा गगन को छू रहा है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जो बलिदान दिया, प्रेमनाथ डोगरा ने जो आंदोलन किया, वो बलिदान, वो आंदोलन आज परवान चढ़ता हुआ हम देख रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को समाप्त कर दिया।

## अलग-अलग राजनीतिक दलों से 200 शिकायतें मिलीं - निर्वाचन आयोग




**नई दिल्ली।** भारतीय चुनाव आयोग ने मंगलवार को कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा ईसीआई और राज्यों के स्तर पर लगभग 200 शिकायतें दर्ज की गई हैं। ईसीआई ने कहा कि इनमें से 169 मामलों में कार्रवाई की गई है। इसमें कहा गया है कि बीजेपी से प्राप्त कुल शिकायतें 51 थीं, जिनमें से 38 मामलों में कार्रवाई की गई है, कांग्रेस से शिकायतें 59 थीं, जिनमें से 51 मामलों में कार्रवाई की गई, जबकि अन्य दलों से प्राप्त शिकायतें 90 थीं, जिनमें से 80 पर कार्रवाई की गई है। ईसीआई ने कहा कि 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू होने के एक महीने बाद, वे राजनीतिक दलों द्वारा संहिता के अनुपालन से मोटे तौर पर संतुष्ट हैं। ईसीआई ने कहा कि एक महीने की अवधि के दौरान, 7 राजनीतिक दलों के 16 प्रतिनिधिमंडलों ने एमसीसी और संबंधित मामलों के कथित उल्लंघन पर अपनी शिकायतें दर्ज करने के लिए आयोग से मुलाकात की। राज्यों में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के स्तर पर कई प्रतिनिधिमंडल मिले। सभी राजनीतिक दलों के साथ समान व्यवहार किया गया है, कम समय में भी सभी को समय दिया गया है और उनकी शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुना गया है। आगे कहा गया है होर्डिंग्स को शामिल कर मौजूदा कानून में पैम्फलेट और पोस्टर के अर्थ को व्यापक आयाम देते हुए सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को दिशानिर्देश जारी किए गए हैं, जिसमें होर्डिंग्स सहित मुद्रित चुनाव-संबंधी सामग्री पर प्रिंटर और प्रकाशक की स्पष्ट पहचान को अनिवार्य किया गया है। ईसीआई ने डीएमके नेता अनीता आर राधाकृष्णन द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति की गई टिप्पणी के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कराई है, जबकि कांग्रेस और आप की शिकायत पर, व्हाट्सएप पोस्ट पर सरकार के विकसित भारत संदेश के प्रसारण को रोकने के लिए एमईआईटीवाई को निर्देश जारी किए गए। चुनाव आयोग ने यह भी कहा कि नागरिकों के उल्लंघन पर आयोग के पोर्टल सी-विजिल पर कुल 2,68,080 शिकायतें दर्ज की गई हैं।




आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

भारत सम्मान

इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उतराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

इन पदों में होंगे नियुक्त...

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप No. 09303890212 पर भेजे।

नोट

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध
सम्पादक
भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क
094242 62547
09303890212

# बिलासपुर में 40 के पार हुआ तापमान

## अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज, न्यायधानी में प्रचंड गर्मी, शाम को ठंडी हवा



**प्रमुख शहरों का तापमान**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| बिलासपुर | 40.6 | 25.4 |
| पेंड्रारोड | 38.3 | 23.8 |
| अंबिकापुर | 37.9 | 22.2 |
| माना | 39 | 24.5 |
| जगदलपुर | 39.4 | 25.3 |

**बिलासपुर।** सूर्य के तेवर तेज हो गए हैं। आसमान से बादलों के छंटते ही प्रचंड गर्मी का अहसास होने लगा है। 10 दिन बाद मंगलवार को अधिकतम तापमान फिर 40 डिग्री सेल्सियस तापमान के पार चला गया। गर्मी से लोग बेहाल नजर आए। धूप से बचने लोग छांव की तलाश कर रहे थे, तो वहीं कुछ सड़क किनारे शीतल पेय का आनंद उठाते नजर आए। बुध को भी मौसम शुष्क बना रहेगा।
शहर में दिन और रात के तापमान में वृद्धि का क्रम बना हुआ है। 11 अप्रैल के बाद से लगातार तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। रात में भले ही मामूली उतार-चढ़ाव बना हुआ है, किंतु दिन में गर्मी का सिलसिला बना हुआ है। अप्रैल मास की शुरुआत के साथ तापमान पहले दिन 38.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। उसके बाद तापमान में तेजी से वृद्धि होने लगी। पांच अप्रैल को पारा 40.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। ठीक दूसरे दिन छह अप्रैल को मामूली गिरावट आई, फिर भी तापमान 40.4 डिग्री था। प्रचंड गर्मी के बीच अचानक मौसम में बदलाव हुआ। द्रोणिका के असर से अंचल में अच्छी वर्षा दर्ज की गई। नतीजा तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ पारा 30.4 डिग्री पर आ गया। धरती पर ठंडी का अहसास होने लगा। करीब पांच दिनों तक तापमान 30 और 35 डिग्री के बीच बना रहा। उसके बाद फिर से गर्मी ने यू टर्न लिया। परिणाम यह कि मंगल को अबकी बार फिर पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार हो गया। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि अभी गर्मी और तेज होगी। फिलहाल इस सप्ताह राहत की उम्मीद कम है।

### शाम को बदला मौसम, चली ठंडी हवा

न्यायधानी में मंगल की शाम अचानक मौसम में बदलाव हुआ। आइएमडी की ओर से आरेंज अलर्ट भी जारी हुआ। इसमें शाम पांच से सात बजे के बीच वर्षा की चेतावनी दी गई। इस बीच ठंडी हवाएं चलीं। हवाओं की गति से बादलों का रास्ता मोड़ दिया। इस वजह से शहर में हल्की बूंदाबांदी तक सीमित रही। ठंडी हवा चलने से आमजन को गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली। मौसम विशेषज्ञ अब्दुल सिराज खान की मानें 22 अप्रैल के बाद थोड़ी राहत मिल सकती है। वर्षा की संभावना है।

### आज शुष्क रहेगा मौसम, तापमान में वृद्धि

मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डा.एचपी चंद्रा का कहना है कि एक पश्चिमी विश्व 64 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका पूर्वी बिहार से दक्षिण छत्तीसगढ़ तक झारखंड, ओ होते हुए स्थित है। प्रदेश में 17 अप्रैल को एक मौसम मुख्यत: शुष्क रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान में वृद्धि का क्रम लगातार जारी रहने की अनुमान है।

## संपादकीय

### मुलायमियत न बरती जाए

हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के कनीना में उन्हाणी गांव के करीब स्कूल बस के पेड़ से टकराने पर छह बच्चों की मौत वाकई दिल कचोटने वाली है। हादसे के वक्त चालक नशे में था। बस में 43 बच्चों समेत एक शिक्षिका भी थी। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि 34 छात्र घायल हो गए, जिनमें से नौ आईसीयू में हैं। बस चालक, प्रधानाचार्या और स्कूल सचिव को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। चालक तेज गति से वाहन चला रहा था, मोड़ पर संतुलन खोने से बच्चे खिड़कियों से बाहर उछल कर गिर गए। मरने वाले छात्र 13 से 16 साल की उम्र वाले हैं। हादसे के बाद प्रशासन और नेताओं ने रस्मादायगी करने में देर नहीं की। इस दुर्घटना में पूर्व मंत्री के परिवार का बच्चा भी मारा गया है। दिल दहलाने वाले इस घटना की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाएगी। साथ ही, विद्यालय पर सख्त कार्रवाई की बात भी हो रही है। पुन- यह बात नहीं की जा रही कि छात्रों की जिंदगी को जोखिम में डालने वालों पर नकेल कैसे डाली जाए। देश भर से कहीं-न-कहीं से इस तरह के हादसों की खबरें आती रहती हैं। स्कूलों के लिए विभिन्न नियम बनाए जाते हैं मगर उनको निर्धारित करने और उन्हें सख्ती से लागू करने वालों को जिम्मेदार नहीं बनाया जाता। थोक के भाव में गली-गली स्कूल खोले जा रहे हैं, उन पर दूर-दराज से बच्चों को लाने-ले जाने की परिवहन व्यवस्था करनी होती है जिसके प्रति बेहद लापरवाही बरती जाती है। जब भी इस तरह के हादसे महानगरों के बाहर होते हैं तो उन्हें उतनी गंभीरता से नहीं लिया जाता। शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय समेत संबंधित अधिकारियों को भी अहसास कराया जाना जरूरी है कि उन्होंने घोर लापरवाही बरती है। गैर-जिम्मेदारी सिर्फ मोटी रकम वसूलने वाले निजी विद्यालय ही करते, बल्कि सरकारी स्कूलों की स्थिति और भी खराब है। अभिभावकों के पास प्राय- न्यूनतम अधिकार होते हैं, उनकी शिकायतों की अनसुनी की जाती है। यदि वे सख्ती से किसी तरह की आलोचना करते हैं तो बच्चे के प्रति अनुचित बर्ताव होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं, या उन्हें स्कूल से निलंबित करने की धमकियां दी जाती हैं। हादसे के बाद नये-नये नियम लादने से भी कोई सुधार नहीं होने वाला। मारे गए बच्चों के अभिभावकों की क्षतिपूर्ति तो असंभव है, मगर देश भर के शेष छात्रों के जीवन को जोखिम में डालने वालों के साथ किसी भी तरह की मुलायमियत न बरती जाए।

## प्रियंका गांधी के छत्तीसगढ़ प्रवास पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा का सवाल

# पूछा- कहां है कांग्रेस का राजनीतिक वजूद?, क्या कहकर करेंगे प्रचार?

**रायपुर।** कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी के छत्तीसगढ़ प्रवास पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सवाल उठाए हैं. उन्होंने कहा कि इसके पहले उनके आगमन पर कांग्रेस वालों ने जनता के पैसों से गुलाब के फूल बिछाए थे. फिर गुलाब की उन पंखुड़ियों से गुलकंद बना लिया था. अब एक बार फिर ऐसा ही कुछ करने वाले होंगे. सवाल यह है कि कांग्रेस का राजनीतिक अस्तित्व और वजूद कहां है? क्या कहकर प्रचार करेंगे यह देखने का विषय होगा।



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मीडिया से अनेक विषयों पर चर्चा की. छत्तीसगढ़ में कांग्रेस और बीजेपी के बीच कार्टून वार पर उन्होंने कहा कि मोदी की मर्जी नहीं, सबका साथ, सबका विकास नारा है. राहुल गांधी बताएं आखिर वे क्या चाहते हैं. समाज में संघर्ष उत्पन्न हो, ऐसा राहुल गांधी चाहते हैं. कांग्रेस हमेशा अपने विचारों को समाज पर थोपती रही है. राहुल गांधी की बातों पर अब लोग विश्वास नहीं करते हैं। बस्तर में तीन दिनों बाद होने वाले मतदान को लेकर विजय शर्मा ने कहा कि बस्तर इस बार बदला हुआ है. हर चुनाव से पहले नक्सली घटना किया करते थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ है. चुनौतियों की बीच भाजपा के कार्यकर्ता लोगों तक जा रहे हैं । वहीं अमित शाह के 3 साल में नक्सलवाद खत्म करने के वादे पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी विषय को लेकर लक्ष्य बांधकर चलना पड़ता है. बहुत सारे लोग मुख्यधारा में लौट रहे हैं. बहुत अच्छी पुनर्वास नीति के साथ फिर सामने आएंगे, चर्चा अनुबंधों का रास्ता भी अपनाएंगे. जो मुख्यधारा में वापस आना चाहें, उनका स्वागत है. हमारी सरकार नक्सलवाद रोकने हर जरूरी कदम उठाएगी.

## .. जब रोड पर खड़ी कार के चालक ने कर दी छत्तीसगढ़ पुलिस के आरक्षक की पिटाई

**बिलासपुर।** एक पुलिस आरक्षक की पिटाई करने का मामला सामने आया है. आरोप है कि कार चालक को नो-पार्किंग में खड़ी कार को हटाने की बात लेकर विवाद हुआ और कार चालक ने विवाद के बाद आरक्षक की पिटाई कर दी. इस मामले में बिलासपुर पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है. मामला दरअसल ये है कि पुराना बस स्टैंड में शराबियों को खदेड़ने के लिए पुलिस गई थी. आरोप है कि इसी दौरान बीच सड़क खड़ी कार को हटाने कहने पर आरोपी ने पहले आरक्षक से अभद्र व्यवहार किया, इसके बाद धक्का-मुक्की व मारपीट की। जानकारी के मुताबिक पुलिस विभाग में आरक्षक प्रफुल्ल कुमार लाल तारबाहार थाना में पदस्थ है. घटना 13 अप्रेल की बताई जा रही है. पुलिस के मुताबिक शाम 6.15 बजे आरक्षक पेट्रोलिंग वाहन में प्रधान आरक्षक के साथ गस्त कर रहा था. इस दौरान पुराना बस स्टैंड स्थित शराब भट्ठी के बाहर लोग शराब पी रहे थे. पेट्रोलिंग पार्टी लोगों को मौके से खदेड़कर आगे बढ़ी. इस बीच अपना चाय सेंटर के सामने सड़क पर एक इनोवा वाहन क्रमांक सीजी 10 ए 1123 खड़ी थी। वहीं चालक सरकंडा निवासी आशीष सिसोदिया कार में बैठा हुआ था. इसकी वजह से आवागमन प्रभावित हो रहा था. ऐसे में पेट्रोलिंग पार्टी ने चालक को सड़क से कार हटाने के लिए कहा. इस पर चालक उल्टे पेट्रोलिंग पार्टी के आरक्षक प्रफुल्ल कुमार से अभद्र व्यवहार करने लगा. देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ लग गई. पेट्रोलिंग पार्टी ने घटना की सूचना थाना प्रभारी को दी. थाना प्रभारी ने युवक को थाने लाने के लिए कहा। कार चालक को थाना लेजाने के लिए आरक्षक प्रफुल्ल उसे पकड़ने लगा. इस पर कार चालक ने आरक्षक से मारपीट शुरू कर दी. यह देखकर पेट्रेलिंग वाहन में सवार प्रधान आरक्षक व अन्य स्टाफ ने बीच-बचाव किया. वहीं आरोपी कार चालक को पकड़कर थाने लेजाया गया. जहां उसके खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा व मारपीट का मामला दर्ज कर लिया गया है।

# रायगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भरी हुंकार, कहा - फिर इस बार मोदी सरकार

## विष्णु बने राधेश्याम के प्रस्तावक, हार निश्चित देखकर बौखला गए हैं कांग्रेसी, रायगढ़ में फिर से भाजपा का सांसद बनाना है

**रायगढ़।** लोकसभा में अपनी हार निश्चित देखकर प्रदेश के कांग्रेसी बौखला गए हैं। कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के खिलाफ लगातार अमर्यादित बयान दे रहे हैं। कोई लाठी से सर फोड़ने की बात कह रहा तो कोई डिफाल्टर बोल रहा है। कांग्रेसियों की मोदी जी पर की गई अशोभनीय टिप्पणी बहुत ही शर्मनाक है। इसका करारा जवाब देना है, कांग्रेस को सबक सिखाना है। रायगढ़ में आयोजित विशाल नामांकन रैली में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि कांग्रेस सरकार में 36 वादे में एक भी वादे ठीक से पूरे नहीं हुए। भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया था, भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया था। कांग्रेस ने शराब, कोयला, रेत, सरकारी जमीन, डीएमएफ की राशि सब में घोटाला किया। प्रदेश को लूट-लूट कर कंगाल बना दिया। नरवा गरवा घुरवा बारी में घोटाला करके गोबर का पैसा भी खा गए। जो छत्तीसगढ़ के लिए शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में हुए घोटाले के आरोपी आज जेल की हवा खा रहे हैं। कभी गद्दे में सोने वाले आज जेल में नीचे सो रहे हैं, मच्छर से परेशान हैं। कांग्रेस को फिर से सबक सिखाना है, खाता खोलने भी नहीं देना है। श्री साय ने कहा कि ये चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है, ये बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है। ये चुनाव देश के देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। मोदी जी 140 करोड़ देशवासियों के लिए दिन-रात काम करते हैं। 24 घंटे में 18 घंटे काम करते हैं। वो देश के गांव, गरीब, मजदूर, किसान सबकी चिंता करते हैं। उन्होंने पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया, भारत का डंका बजाया। उन्हें फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के सुशासन की सरकार में जनहित का सब काम सांय-सांय हो रहा है। आज 4 महीने उनकी सरकार को हुए हैं। उनकी सरकार ने मोदी की गारंटी के बड़े-बड़े वादे पूरे किये हैं। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी में जो बचे हुए वादे हैं उसको भी विष्णु सरकार 5 साल में सांय-सांय पूरा करेगी।



### संकल्प पत्र को रखा जनता के सामने

श्री साय ने भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र के बारे में कहा कि हमने देशवासियों के हित के लिए संकल्प पत्र जारी किया है। जिसे मोदी की गारंटी भी कहते हैं। मोदी सरकार में पिछले 10 वर्षों में 4 करोड़ पीएम आवास बने, अगले पांच साल में 3 करोड़ नए पीएम आवास बनाना है। अब 70 साल तक के बुजुर्गों का भी मुफ्त में आयुष्मान भारत योजना में इलाज होगा। मुद्रा योजना के तहत बेटे-बेटियों को 10 लाख की जगह 20 लाख तक का लोन मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वो पूरा भी करती है, कांग्रेस की तरह झूठ नहीं बोलती। इसलिए मोदी जी को चुनिए, संकल्प पत्र का सभी वादा पूरा होगा।

### राधेश्याम राठिया के लिए मांगे वोट

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारे प्रत्याशी राधेश्याम राठिया जी को जनसेवा का लम्बा अनुभव है। उन्होंने सरपंच से लेकर जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, एसटी मोर्चा और किसान मोर्चा सब में काम किया। राधेश्याम राठिया को काम करने का लम्बा अनुभव है और वे मृदुभाषी और कर्मठ हैं। उनको कमल छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से जिताकर लोकसभा भेजना है। ये आप सभी से आग्रह करने आया हूँ। आज विशाल जनसभा और भव्य रैली के पश्चात रायगढ़ लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ने कलेक्टोरेट में अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और पत्थलगांव विधायक गोमती साय उनके प्रस्तावक बने।

### विष्णु सरकार ने मोदी की गारंटी को प्राथमिकता से पूरा किया - ओपी चौधरी

प्रदेश के रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने अपने संबोधन के जरिए युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के प्रमुख वादे को प्राथमिकता से पूरा किया है और बचे वादों को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के रूके हुए 18 लाख मकानों को स्वीकृत किया है। दो साल से रूका हुआ बोनस 3716 करोड़ रूपए का भुगतान कर वादा निभाया। भूपेश बघेल सरकार ने किसानों को तरसा-तरसा कर पैसा दिया था, लेकिन विष्णु देव साय सरकार ने एकमुश्त किसानों को अंतर की राशि दी है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना की दो किश्त हमारी सरकार ने दी है, अगला किश्त आने वाले 3 मई तक पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि रामलला के 500 साल के वनवास को भी प्रधानमंत्री ने दूर कर प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर बनाया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जायेगा, मोदी की गारंटी में ये ऐलान किया गया है। नामांकन रैली में लोकसभा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय प्रताप सिंह जूदेव, वरिष्ठ नेता कृष्णकुमार राय, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, विधायक गण प्रबोध मिंज, रायमुनी भगत, गोमती साय, पूर्व संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह, गिरधर गुप्ता, संयोगिता सिंह जूदेव, पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया, तीनों जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, सुनील गुप्ता, सुभाष जालान, पूर्व विधायक केराबाई मनहर, सुनीति राठिया, जगन्नाथ पाणिग्रही, गुरुपाल भल्ला, नरेश नंदे, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद, यश प्रताप सिंह जूदेव, शौर्य प्रताप सिंह जूदेव सहित अन्य पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## कृषि मंत्री नेताम ने भाजपा के संकल्प पत्र पर रखी अपनी बातें

# मिश्रा जी आदिवासी कैसे हो गए- रामविचार नेताम




**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री व राज्यसभा सदस्य रामविचार नेताम ने इस बार के लोकसभा चुनाव में मोदी के कार्यकाल में हुए दस वर्ष में हुए कार्यो को गिनाते हुए ऐतिहासिक उपलब्धी बताया और कहा कि तीसरी बार सत्ता में आने के बाद देश की दशा व दिशा दोनों बदलेगी। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी पर कटाक्ष करते हुए चुटकी ली कि मिश्रा जी आदिवासी कैसे हो गए। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी के आदिवासी होनें पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि इससे पूरे प्रदेश को आदिवासी समाज का अपमान हुआ।

आज रायगढ़ में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने मोदी सरकार द्वारा दस वर्षो के दौरान किये गए कार्यो को ब्यौरा देते हुए कहा कि जनता एक बर फिर से मोदी की गारंटी को लेकर वोट डालने वाली है, उन्होंने विकास कार्यो को ब्यौरा देते हुए यह भी कहा कि संकल्प पत्र में जो कहा था वह किया और इस बार नये संकल्पों को लेकर जनता के बीच जायेंगे जिसमें किसानों, युवाओं, महिलाओं तथा मध्यम वर्गो के लिये कई वादे किये गए हैं। इस दौरान प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चैधरी ने भी मोदी के विजन को लेकर अपनी बात रखे और बताया कि रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में रूके हुए कामों को न केवल गति मिलेगी बल्कि सडकों की हालत भी सुधरेगी। उन्होंने बताया कि इस बार के बजट में सडकों के कायाकल्प को लेकर पहले से ही बजट में प्रावधान रखा गया है और लोकसभा चुनाव के आचार सहिता खत्म होनें के बाद भी निर्माण कार्य तेजी से शुरू हो जाएगा। पत्रकार वार्ता के बाद कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को महादेव सट्टा ऐप मामले में जमकर घेरा और लगातार नरेन्द्र मोदी के खिलाफ गालियां व घटिया बयानबाजी को लेकर भी बात कही। उन्होंने कहा कि आज मोदी की गारंटी का संकल्प पत्र, घोषणा पत्र को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिसमें पिछले दस सालों में हमारे देश की नही बल्कि दुनिया के लोकप्रिय नेता मोदी जी के कार्यकाल का हमने लेखा जोखा प्रस्तुत किया है और आगे पांच साल में हमारी सरकार को करने वाली है उसके बारे में हमने इसमें रखा है। साथ ही साथ आज नामांकन रैली भी है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से चुनाव जीताने की भी अपील की और फिर से मोदी सरकार बनाने की बात कही। महादेव सट्टा एप के मामले में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि महादेव सट्टा एप तो भूपेश बघेल के इशारे पर ही चल रहा था। जो-जो माल खायें है सब नाम ले रहा है भूपेश बघेल का, जिसमें कुछ अंदर हैं कुछ बाहर घुम रहे। लेकिन सब के पीछे तमाम एजेंसी लगी हुई है। जो भी भ्रष्टाचार कर रहे हैं वो कहीं भी रहे वो बचने वाले नही। कांग्रेस की परंपरा रही है किसी को भी अपमानित करना। समाम को अपमानित करना, लोगों को गालियां देना और गाली देते-देते मोदी जी को जीतने गालियां देंगे कांग्रेस उतनी रसातल की ओर जाएगी।

# कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने भाजपा पर जमकर निकाली भड़ास

### कहा - कंधार में जिस आतंकवादी को बीजेपी सरकार ने छोड़ा उसने 26/11 हमला किया और ये कांग्रेसियों को कहते है आतंकवादी



**कांकेर।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने अपने कांकेर प्रवास के दौरान भाजपा पर जमकर हमला बोला. केदार कश्यप और अरुण साव के कांग्रेस की सोच को आतंकवादी और नक्सलियों जैसी बताया था, जिसके जवाब में राधिका खेड़ा ने भाजपा पर जमकर भड़ास निकाली।

राधिका ने कहा कि 1999 में कंधार में जिस आतंकवादी अजहर मसूद को भाजपा की सरकार ने आतंकवादियों के सामने झुककर छोड़ दिया था, उसने ही मुंबई में 26/11 जैसे हमले को अंजाम दिया था. कश्मीर में दो आतंकवादी पकड़े जाते हैं, जिसमें एक भाजपा के आईटी सेल का हेड निकलता है।

ऐसे में भाजपा को पहले अपने पार्टी का इतिहास पता कर लेना चाहिए. उसके बाद उन्हें कांग्रेस पर टीका टिप्पणी करनी चाहिए। राधिका खेड़ा ने कहा कि भाजपा के शासन में ही छत्तीसगढ़ में सबसे बड़ा नक्सली हमला हुआ था, जिसमे कांग्रेस के कई दिग्गज नेता मारे गए थे. भाजपा ये बताए कि अब किसका नक्सलियों से सांठगांठ है. कांग्रेस के घोषणा पत्र पर बात करते हुए राधिका खेड़ा ने कहा कि हमारा घोषणा पत्र हर एक गरीब के हित के लिए है. वहीं भाजपा के घोषणा पत्र में सिर्फ और सिर्फ नरेंद्र मोदी की फोटो लगी है।

# पूर्व युकां प्रदेश उपाध्यक्ष के कार में तोड़-फोड़, अंदर रखे पैसे लेकर भागे



**कवर्धा।** युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश केसरवानी के घर के बाहर खड़ी कार में बीती रात बदमाशों ने तोड़-फोड़ कर अंदर रखे 25 हजार रुपए नगद लेकर भाग गए. कोटा विधायक व कवर्धा प्रभारी अटल श्रीवास्तव ने मामले की पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए इसे राजनीतिक षड़यंत्र करार दिया है।

कोटा विधायक और कवर्धा प्रभारी अटल श्रीवास्तव ने कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ सिटी कोतवाली में कांग्रेस नेता की कार में तोड़-फोड़ और चोरी की शिकायत दर्ज कराई. इस दौरान अटल श्रीवास्तव ने कहा कि कल देर रात युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष के घर में दो युवक चोरी के लिए घुसे थे. कार में तोड़फोड़ कर उसमें रखे 25 हजार कैश को ले गए है. पूरी वारदात सीसी टीवी कैमरे में कैद है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस नेता ने जब बदमाशों को दौड़ाया तो वे गाली-गलौच करते हुए बहुत बड़ा कांग्रेस का नेता बनता है देख लेंगे बोलते हुए भाग निकले. इससे लगता है कि यह घटना राजनीतिक षड़यंत्र है, क्योंकि जो बदमाश घटना को आंजम दिए वे नकाब पहने हुए थे. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है, तब से लगातार अपराध बढ़ गए हैं. चोरी, लूट, हत्या की घटनाएं बढ़ गई है. हमने थाना में शिकायत दर्ज करा दी है. उम्मीद है पुलिस जल्द आरोपी को पकड़ लेगी। बताया जा रहा युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश केसरवानी राजनांदगांव लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के कार्यक्रम से रात्रि 12 घर लौटे थे। अपने राम नगर स्थित घर के सामने कार खड़े करके सोने चले गए. इस दौरान रात्रि 2 बजे सात-आठ नकाबपोश बदमाश पहुंचे, और कांग्रेस नेता की गाड़ी में तोड़फोड़ करने लगे। आवाज सुनकर पीड़ित दौड़ कर कार के पास आया, तो बदमाश वहां से भाग निकले. कांग्रेस नेता का आरोप है कि बदमाश गाड़ी का कांच तोड़कर अंदर रखें लगभग 25 हजार रुपए भी लेकर भाग गए। वहीं मामले में सीटी कोतवाली प्रभारी लालजी सिन्हा ने बताया कि कांग्रेस नेता की कार में तोड़फोड़ की शिकायत मिली है. मामले में सीसीटीवी फुटेज खंगाल जा रहा है, जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

### कोयला घोटाले में जेल में बंद सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका कोर्ट ने की खारिज

**रायपुर।** कोयला परिवहन के मामले में जेल में बंद निलंबित उप सचिव सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका पीएमएलए कोर्ट ने खारिज कर दी है। बता दें कि कोयला घोटाले में रायपुर केंद्रीय जेल में बंद निलंबित उप सचिव सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका पर पिछले बार होने वाली सुनवाई टल गई थी, जिसके बाद आज पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई. दोनों पक्षों को सुनने के बाद सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका विद्वान न्यायाधीश ने खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका खारिज करने के बाद पहली बार निचली कोर्ट में जमानत याचिका लगी गई थी. इससे पहले कोयला घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग केस में सुप्रीम कोर्ट ने सौम्या की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

### राजधानी में युवक का अपहरण, फिरौती में मांगी 25 लाख नगदी और कार



**रायपुर।** राजधानी के कमल विहार इलाके से एक युवक का अपहरण होने का मामला सामने आया है. आरोपियों ने युवक के परिजनों से 25 लाख नगदी और फॉर्चूनर कार फिरौती के रूप में मांग की है. पीड़ित युवक किसी तरह बदमाशों के चंगुल से भाग निकला. उन्होंने टिकरापारा थाना में मामले की लिखित शिकायत की है। मिली जानकारी के मुताबिक अपहृत युवक निखिल कोसले एनएलआईटी फाइनेंस कंपनी का डायरेक्टर है. उन्हें कुछ लोगों ने होम लोन करवाने के बहाने कमल विहार चौक ओवरब्रिज के नीचे बुलाकर कार में अगवा कर फरार हो गए. किसी तरह पीड़ित निखिल कोसले आरोपियों के चंगुल से भागकर अपने पिता को पूरी अपबीती बताई. पीड़ित युवक ने इरफान खान, जुबेर, राजू, सुनील साहू, डागा और बिट्टू समेत परवेज नामक युवकों पर अपहरण का आरोप लगाते हुए थाने में रिपार्ट दर्ज कराई है।

### छग में 1820 किमी सड़क बनाने की मिली स्वीकृति, लेकिन बनी सिर्फ 196 किमी

#### अब जांच के लिए केंद्र से पहुंचेगी टीम



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के जिलों में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनाई गई सड़क का काम अभी भी अधूरा पड़ा है. जिसकी वजह से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है. इस बीच हुई बरिश ने लोगों की दिक्कतें और बढ़ा दी है. जिन सड़कों में गड्ढे थे उनमें पानी भर गया है. जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का समना करना पड़ रहा है. सड़कों के रूके कामों की वजह को जानने के लिए अब सेंट्रल से राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक की एक टीम अगले महीने छत्तीसगढ़ के दौरे पर आने वाली है। अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक, राज्य में कुल 1820 किलोमीटर लंबी सड़कें स्वीकृत की गई थी, लेकिन अब तक 196.33 किलोमीटर सड़कों का ही निर्माण पूरा हुआ है. यही कारण है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक सालवे विवेक भाऊराव सरगुजा, रायगढ़ एवं जांजगीर चांपा, राम प्रकाश सिंह कोण्डागांव एवं नारायणपुर, बिमल कुमार टिक्कू बीजापुर एवं सुकमा जिलों का दौरा करेंगे.

**अधिकारी करेंगे सड़कों की जांच-** केंद्र सरकार के अधिकारियों की टीम छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनाई गई सड़कों की क्वालिटी की भी जांच करेंगें. अधिकारी ये भी जानने की कोशिश करेंगे कि किन कारणों से राशि स्वीकृत होने के बाद भी छत्तीसगढ़ में उक्त योजना के तहत काम इतना धीमा क्यों चल रहा है.

# फर्जी बिलिंग मामला: जीएसटी ने रायपुर के कारोबारी को किया

### अब तक 16 लोगों की हो चुकी है गिरफ्तारी




**रायपुर।** कर चोरों के खिलाफ और विशेष रूप से फर्जी बिलिंग के कारोबार में शामिल करदाताओं के खिलाफ सीजीएसटी रायपुर सख्त कार्रवाई कर रहा है. आज केंद्रीय जीएसटी टीम ने फर्जी बिलिंग के मामले में संदीप बंसल को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया. सीजेएम अदालत ने आरोपी की न्यायिक हिरासत प्रदान की है. बता दें कि 2017 में जीएसटी कानून लागू होने के बाद से फर्जी बिलिंग के संबंध में सीजीएसटी रायपुर आयुक्तालय अब तक 16 लोगों को गिरफ्तार कर चुका है।

दिग्विजय सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रायपुर ने बताया, हाल ही में सीजीएसटी रायपुर द्वारा विशिष्ट खुफिया जानकारीए डेटा विश्लेषण और व्यापक निगरानी के आधार पर फर्जी बिल बनाने और केवल इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) पारित करने के उद्देश्य से बनाए गए 13 फर्जी फर्मों के एक नेटवर्क का भंडाफोड़ किया गया था. रैकेट के मास्टरमाइंड हेमंत कसेरा को भी 4 अप्रैल को गिरफ्तार कर लिया गया था. आगे जांच करने पर यह पाया गया कि हेमंत कसेरा द्वारा संचालित फर्मों द्वारा इस तरह की फर्जी आईटीसी की बड़ी मात्रा रायपुर में स्थित मेसर्स बंसल ट्रेडर्सए मेसर्स ओम ट्रेडर्स और मेसर्स एचएमएस ट्रेडर्स को पारित किया गया है. तदनुसार तत्पर कार्रवाई की गई और उपरोक्त फर्मों के व्यावसायिक परिसरों की तलाशी ली गई।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने बताया, जांच करने पर पता चला कि इन 3 फर्मों का नियंत्रण और प्रबंधन संदीप बंसल का था. दस्तावेजों, खातों और रिटर्न की गहन जांच के बाद यह पाया गया कि बंसल ने न केवल हेमंत कसेरा से बल्कि दिल्ली की 25 से अधिक फर्जी फर्मों से भी फर्जी बिल खरीदे हैं. तथ्यों और सबूतों के आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर संदीप बंसल ने कर चोरी के इरादे से फर्जी बिल खरीदने और 6.94 करोड़ रुपये की फर्जी आईटीसी का लाभ उठाने की बात स्वीकार की।

### सिविल सेवा परीक्षा में लोरमी के लाल ने किया कमाल, दूसरे ही प्रयास में मारी बाजी, हासिल की 697वीं रैंक



**लोरमी।** संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सर्विस 2023 परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया है. जिसमे मुंगेली जिले के लोरमी के मजगांव निवासी प्रीतेश सिंह राजपूत ने दूसरे प्रयास में 697 रैंक प्राप्त कर सफलता हासिल किया है. बता दें कि प्रीतेश ने लगातार दूसरे प्रयास में यह रैंक हासिल की है। जानकारी के मुताबिक, यूपीएससी में चयनित प्रीतेश सिंह राजपूत की पढ़ाई यानी कक्षा पांचवी तक की पढ़ाई गांव के ही शासकीय स्कूल में हुई है उसके बाद 12वीं तक की पढ़ाई लोरमी स्थित महाराणा प्रताप स्कूल में पूर्ण करने के बाद इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में बीटेक की पढ़ाई किए हैं साथ ही सीजीपीएससी की तैयारी के बाद अप्रैल 2022 में डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित होकर मनेन्द्रगढ़ में कार्यरत है. प्रीतेश सिंह की इस सफलता से मुंगेली जिले सहित लोरमी क्षेत्र एवं परिवार वालों में खुशी की लहर दिखाई दे रही है इस दौरान परीक्षा परिणाम के बाद प्रीतेश सिंह राजपूत के घरों में लोग बधाई देने पहुंच रहे हैं। बता दें प्रीतेश के पापा लोरमी क्षेत्र में ही डीजल मैकेनिक का कार्य करते हैं जो एक मध्यम परिवार से आते हैं जिनके बेटे ने यूपीएससी में दूसरे प्रयास में ही 697 रैंक हासिल किया है जिससे क्षेत्र में खुशी की लहर है।

RNI No. CHHHIN/2011/38292
भारत सम्मान NEWS
अम्बिकापुर, बुधवार, 17 अप्रैल 2024


# कांकेर में नक्सलियों से मुठभेड़: 25-25 लाख के इनामी ललिता और शंकर सहित 29 नक्सली मारे गए

## मुठभेड़ में बीएसएफ के एक इंस्पेक्टर सहित तीन जवान भी हुए घायल, घायल जवानों की स्थिति खतरे से बाहर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के थाना छोटेबेटिया क्षेत्रांतर्गत बिनागुंडा एवं कोरोनार के मध्य हापाटोला के जंगल में डीआरजी एवं बीएसएफ की संयुक्त पार्टी और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 29 नक्सली ढेर हो गए हैं। मुठभेड़, मंगलवार को दोपहर डेढ़ बजे से लेकर शाम लगभग चार बजे तक चली। जवानों ने मारे गए सभी 29 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं।

मारे गए नक्सलियों में 25-25 लाख रुपये के इनामी नक्सलियों के टाप कमांडर शंकर राव और महिला नक्सली ललिता के साथ राजू भी शामिल हैं। शेष अन्य शवों की पहचान की जा रही है। मुठभेड़ में बीएसएफ के इंस्पेक्टर सहित तीन जवान घायल हुए हैं। इन्हें एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया जा रहा है। मृत नक्सलियों के शवों के पास से सात एके 47 और तीन एलएमजी हथियार और इंसास रायफल की बरामदगी की गई है। मुठभेड़ में बीएसएफ के इंस्पेक्टर समेत दो जवान घायल हो गए हैं। इंस्पेक्टर रमेश चंद्र चौधरी के पैर में गोली लगी है, जबकि डीआरजी जवान सूर्यकांत श्रीमाली सहित एक अन्य जवान घायला है। घायल जवानों को रायपुर के देवेंद्र नगर स्थित नारायणा अस्पताल रेफर किया गया है। जवानों ने 29 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। कांकेर जिले के एसपी आईके एलेसेला ने जानकारी देते हुए कहा कि छोटे बेठिया थाना क्षेत्र के जंगलों में मुठभेड़ चल रही है। मुठभेड में कई नक्सलियों के मारे जाने और भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। क्षेत्र में सर्चिंग अभियान जारी है। मुठभेड़ में तीन जवान घायल हो गए हैं। घायल जवानों की स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर है। घायल जवानों को बेहतर उपचार के लिए आवश्यक इंतजाम किया जा रहा है।




### हाल ही में हुई थी उच्च स्तरीय बैठक

छह दिन पूर्व दो दिवसीय दौरे पर गृहसचिव अजय कुमार भल्ला और आइबी के डायरेक्टर तपन कुमार डेका पहुंचे थे। उन्होंने बैठक ली। बैठक में 10 राज्यों के चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी भी आनलाइन शामिल हुए। साथ ही बैठक में शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव और नक्सल इलाकों में रणनीति को लेकर चर्चा की गई है। वहीं इंटेलिजेंस ब्यूरो के इनपुट के आधार पर नक्सल मोर्चो में आगे कई खुफिया आपरेशन की रणनीति बनाई गई। साथ ही खुफिया सूचना पर कश्मीर की तरह टारगेट बेस आपरेशन लांच करने पर बात की गई थी। कांकेर में मुठभेड़ का असर सीधे तौर पर दिख रहा है। डीआईजी इंटेलिजेंस आलोक कुमार सिंह ने बताया की काफी दिनों से नक्सल कमांडर की इलेक्शन को लेकर का कांकेर की सिचवेशन को लेकर सेंट्रल कमेटी और सब जोनल कमेटी की कमांडर की मूवमेंट की खबर मिल रही थी इसके लिए पुलिस और बीएसएफ आपरेशन की तैयारी कर रहे थे उसी के तहत आज ऑपरेशन प्लान किया था आज हमारे पास बीएसएफ के पुख्ता जानकारी थी। पुलिस ने भी कन्फर्म किया जिसके बाद हमने आपरेशन में बड़ी तादात में 185 के करीब एक जगह और 200 के करीब एक जगह नक्सली को ऑपरेट करा रहे थे और हमे और खबर मिली की शंकर राव और दूसरे सीनियर सेंट्रल कमांडर रामवेद की मौजूदगी की खबर मिली जिसके बाद खबर मिलते ही ऑपरेशन को लॉन्च किया और बीएसएफ की कमांडो प्लाटून जिसको लीड कर रहे थे रमेश चंद्र चौधरी जिनकी सबसे पहले नक्सलियों से मुठभेड़ हुई है। बीएसएफ कमांडो प्लाटून जो पूर्व दिशा से नक्सलियों से अटैक किया जिसमे बड़ी संख्या में नक्सली घायल हुए नक्सलियों के पास कोई रास्ता नहीं बचा था। दूसरे नाले की तरफ से डीआरजी की टीम ने घेर रखा था जिसमे ये नक्सली मारे गए है। ये बहुत बड़ी ऐतिहासिक सफलता है खासकर के जनता के लिए जो प्रशासन ने आश्वासन दिया था शांतिपूर्ण चुनाव के लिए जनता को जो पुलिस और हमारी ओर से वोटिंग के लिए संदेश दे रहे थे। चुनाव से पहले ये कांकेर की जनता को बहुत बड़ा तोहफा है।

### बीजापुर में 10 दिन पहले 13 नक्सली हुए थे ढेर

बीजापुर जिले के कोरचोली और लेंड्रा के जंगल में हुए मुठभेड़ में पुलिस ने 13 नक्सलियों को मार गिराया था। यही नहीं लगभग इतनी ही संख्या में नक्सली बुरी तरह से घायल भी हुए थे। गंगालूर थाना क्षेत्र के लेंड्रा में दो अप्रैल को हुए मुठभेड़ में 13 में से 11 नक्सली की पहचान हुई थी। इसमें पीएलजीएस कंपनी दो के सुखराम हेमला, हूंगा परसी, लक्खू कोरसा, डिवीसीएम सीतक्का (जितरू , डीवीसी की पत्नी), दुला कुहराम, सोनू अवलम, सुदरू हेमला, चैतु पोटाम, लच्छू कड़ती, लक्ष्मी ताती व कमली कुंजाम के रूप में हुई थी।

### कांकेर में कब-कब हुआ मुठभेड़

- इससे पहले, 25 फरवरी को हूरतराई के जंगल में नक्सली एनकाउंटर में तीन नक्सली मारे गए थे।

- तीन मार्च को छोटे बेठिया के हिदूर में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया था। जबकि एक बस्तर फाइटर का जवान बलिदान हुआ था।

- 16 मार्च को भी मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया था।

- 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान भी नक्सली हमला हुआ था, जिसमें दो बीएसएफ जवान बलिदान हुए थे।

# कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने भाजपा पर जमकर निकाली भड़ास

### कहा - कंधार में जिस आतंकवादी को बीजेपी सरकार ने छोड़ा उसने 26/11 हमला किया और ये कांग्रेसियों को कहते है आतंकवादी



**कांकेर।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने अपने कांकेर प्रवास के दौरान भाजपा पर जमकर हमला बोला. केदार कश्यप और अरुण साव के कांग्रेस की सोच को आतंकवादी और नक्सलियों जैसी बताया था, जिसके जवाब में राधिका खेड़ा ने भाजपा पर जमकर भड़ास निकाली।

राधिका ने कहा कि 1999 में कंधार में जिस आतंकवादी अजहर मसूद को भाजपा की सरकार ने आतंकवादियों के सामने झुककर छोड़ दिया था, उसने ही मुंबई में 26/11 जैसे हमले को अंजाम दिया था. कश्मीर में दो आतंकवादी पकड़े जाते हैं, जिसमें एक भाजपा के आईटी सेल का हेड निकलता है।

ऐसे में भाजपा को पहले अपने पार्टी का इतिहास पता कर लेना चाहिए. उसके बाद उन्हें कांग्रेस पर टीका टिप्पणी करनी चाहिए। राधिका खेड़ा ने कहा कि भाजपा के शासन में ही छत्तीसगढ़ में सबसे बड़ा नक्सली हमला हुआ था, जिसमे कांग्रेस के कई दिग्गज नेता मारे गए थे. भाजपा ये बताए कि अब किसका नक्सलियों से सांठगांठ है. कांग्रेस के घोषणा पत्र पर बात करते हुए राधिका खेड़ा ने कहा कि हमारा घोषणा पत्र हर एक गरीब के हित के लिए है. वहीं भाजपा के घोषणा पत्र में सिर्फ और सिर्फ नरेंद्र मोदी की फोटो लगी है।

# यूपीएससी मेन्स में अनुषा ने हासिल किया 202वां रैंक

### आईएएस रेणु पिल्लै और आईपीएस संजय पिल्लै की हैं बेटी, छत्तीसगढ़ के चार प्रतिभागियों ने हासिल की कामयाबी

**रायपुर।** यूपीएससी मेन्स-2023 का परिणाम जारी हो चुका है. परीक्षा में इस बार छत्तीसगढ़ के चार प्रतिभागियों ने स्थान बनाने में कामयाबी हासिल की है. इनमें से अनुषा पिल्लै, अभिषेक डेंगे, प्रीतेश सिंह राजपूत और रश्मि पैकरा शामिल हैं। परीक्षा के जरिए कुल 1016 प्रतिभागी चयनित हुए हैं. इनमें से टॉप-20 में 15 लड़कों और 5 लड़कियों ने अपनी जगह बनाई है. सूची में पहले स्थान पर लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव हैं, वहीं दूसरे स्थान पर अनिमेष प्रधान और तीसरे पर डोनुरु अनन्या रेड्डी हैं। परीक्षा में 202 रैंक हासिल करने वाली अनुषा



पिल्लै आईएएस रेणु पिल्लै और सेवानिवृत्त आईपीएस संजय पिल्लै की बेटी हैं. अनुषा के पहले पिल्लै दंपती के बेटे अक्षय पिल्लै ने 2021 यूपीएससी 51 रैंक हासिल किया था. वर्तमान में अक्षय पिल्लै उड़ीसा कैडर के आईएएस अफसर हैं। यूपीएससी मेन्स-2023 में चयनित छत्तीसगढ़ के अन्य प्रतिभागियों में से प्रीतेश सिंह राजपूत ने 697 रैंक हासिल किया है. लोरमी के रहने वाले प्रीतेश वर्तमान में डिप्टी कलेक्टर के तौर पर पदस्थ हैं. वहीं एनआईटी पास आउट अभिषेक डेंगे रायपुर के हैं, और रश्मि पैकरा बलरामपुर की रहने वाली हैं।

### कलेक्टर ने दी अनुषा को बधाई

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में चयनित होने पर अनुषा पिल्लै को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं. अनुषा आज घोषित परिणाम में 202वीं रैंक हासिल की. वह सेवानिवृत्त डीजीपी संजय पिल्लै एवं अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्लै की सुपुत्री हैं।

# पुलिस ने 11 नक्सलियों के खिलाफ दर्ज कराया नामजद एफआईआर

### संग्राम, प्रमोद के साथ इनके नाम शामिल

**धमतरी।** धमतरी पुलिस ने 11 नक्सलियों के खिलाफ नामजद के साथ 15 अन्य नक्सलियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है. शुक्रवार की रात बोराई थाना इलाके के एकावारी जंगल में फोर्स और नक्सलियों के मुठभेड़ के बाद एफआईआर दर्ज किया गया है। बता दें कि बोराई थाना इलाके के एकावारी जंगल में शुक्रवार की रात को एसटीएफ, गरियाबंद डीआरजी और सीआरपीएफ के जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ हुई थी. बल के भारी पड़ने पर अंधेरे का फायदा उठाकर नक्सली मौके से भाग गए थे. मौके से नक्सलियों के ग्रेनेड लांचर और भारी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद की गई थी। मुठभेड़ के बाद धमतरी पुलिस ने कुल 25 नक्सलियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिनमें 11 नामजद नक्सलियों में संग्राम उर्फ मुरली, प्रमोद, जयराम, नरेश उर्फ कार्तिक उर्फ दसरू, सत्यम गावड़े, अंजु, ललिता, प्रवीण, रूपेश, रामदास, जानकी, टिकेश, शांति, मुरली, दीपक मंडावी, रोनी उर्फ उमा, दीपक, शशि, रोशनी, गीता जयलाल, पुनीत शामिल हैं।

अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212



स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547